तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 25.2° | 10.4° |
| इंदौर | 29.5° | 13.6° |
| जबलपुर | 25.0° | 11.6° |
| ग्वालियर | 23.6° | 8.0° |

दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(सागर : वर्ष 11 अंक 271,पृष्ठ 12)
रविवार 22 दिसम्बर 2024
सागर संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


राजधानी... खेल क्षेत्र में रतलाम बना रहा है विशिष्ट...


खेल... बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले जडेजा ने कहा-शीर्ष क्रम को...


व्यापार... तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर होने की आशंका...



देश-विदेश... कोलकाता में जन्में बांग्लादेश के पूर्व...

www.naiduniaonline.com

*प्रधानमंत्री मोदी का कुवैत में हुआ शानदार स्वागत...*

# इस यात्रा से दोनों देशों के बीच नए स्तर पर पहुंचेंगे रिश्ते

**कुवैत सिटी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर में कुवैत पहुंचे। कुवैत पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पिछले 43 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि, इस यात्रा से निस्संदेह विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत की मित्रता मजबूत होगी। मैं आज और कल के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। प्रवासी भारतीयों ने भी पीएम मोदी का भावभीना स्वागत किया।**



मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के आमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे हैं। उम्मीद की जा रही है कि पीएम मोदी की यह यात्रा खाड़ी देशों के साथ भारत के करीबी रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जाएगी। मोदी को बयान पैलेस में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा फिर वे कुवैत के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसके बाद कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की जाएगी। क्राउन प्रिंस भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में एक भोज का आयोजन करेंगे। कुवैत में पीएम मोदी का भारतीय प्रवासियों ने भी जोरदार स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा- कुवैत में भारतीय प्रवासियों ने गर्मजोशी के साथ हार्दिक स्वागत किया। उनकी ऊर्जा, प्रेम और भारत के प्रति अटूट जुड़ाव वाकई प्रेरणादायक है। उनके उत्साह के लिए आभारी हूं और हमारे देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान पर गर्व है।

पीएम मोदी ने कुवैत में अब्दुल्ला अल बरून और अब्दुल लतीफ अल नेसेफ से मुलाकात की। अब्दुल्ला अल बरून ने रामायण और महाभारत दोनों का अरबी में अनुवाद किया है। अब्दुल लतीफ अल नेसेफ ने रामायण और महाभारत के अरबी संस्करण प्रकाशित किए हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात में भी उनके इन प्रयासों का जिक्र किया था। मोदी की कुवैत यात्रा, 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा, सीरिया में बशर अल-असद के शासन के पतन के दो सप्ताह बाद और गाजा में इज़राइल और हमास के बीच संभावित युद्धविराम समझौते के संकेतों के बीच हो रही है। कुवैत की यात्रा करने वाली आखिरी भारतीय प्रधान मंत्री 1981 में इंदिरा गांधी थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होटल पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत किया गया।

## ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान किया है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ध्यान व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है। उन्होंने लिखा, आज, विश्व ध्यान दिवस पर, मैं सभी से ध्यान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव करने का आव्हान करता हूं। ध्यान एक व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ हमारे समाज और धरती पर शांति एवं सद्भाव लाने का एक सशक्त तरीका है।




# युवा उद्यमियों को प्रोत्साहन देने प्रदेश ने किया अनुकूल वातावरण का निर्माण

### मुख्यमंत्री उज्जैन में यंग एंटरप्रेन्योर समिट-2024 में हुए सम्मिलित

**भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा उद्यमियों को भारत, युवा उद्यमियों के परिश्रम से विश्व पटल पर एक अलग पहचान बना रहा है। विश्व में हमारे देश में सबसे अधिक युवा शक्ति है। युवाओं के हाथों में आने वाले समय की बागडोर है।**

हमारे देश के युवाओं के भविष्य की तरफ बढ़ते हुए कदम देश को विकास के पथ पर तेज गति से आगे ले जा रहा हैं। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निवेश और स्टार्ट-अप को सरकार के द्वारा लगातार प्रोत्साहन देकर मदद की जा रही है। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन में यंग एंटरप्रेन्योर समिट-2024 में युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के पैरों में गति, हाथों में शक्ति है और भविष्य के तरफ लक्ष्य को देखने की दृष्टि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास युवा उद्यमियों के लिए स्टार्ट-अप के लिए बजट में पर्याप्त धनराशि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय नवाचार का है। युवा अधिक से अधिक स्वरोजगार स्थापित कर उद्यमी बने। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। हमारा भारत युवा शक्ति के अधिक्य के साथ विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि उज्ययिनी नगरी सर्वगुण सम्पन्न है। उज्जैन की देश में पहचान बनी है। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए छोटे-छोटे स्थानों पर भी समिट के कार्य किए जा रहे हैं। उद्यमियों को अपने व्यवसाय में वृद्धि के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि उद्यमी देश-प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। डॉ. यादव ने विभिन्न उद्यमियों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

# संसद में कांग्रेस नेताओं का किया कृत्य अक्षम्यः शेखावत

**जयपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संसद में दो दिन पहले घटे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि उसके नेताओं ने जो आचरण किया, वो अनावश्यक, अप्रत्याशित, अवांछित और अनपेक्षित है जो किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता तथा भारत में जब लोकतंत्र 75 वर्ष का हो गया है तब इस तरह का कृत्य अक्षम्य है। श्री शेखावत शनिवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही। शुक्रवार सुबह अजमेर रोड पर भांकरोटा में गैस टैंकर हादसे पर उन्होंने गहरा दु:ख जताते हुए कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण, दर्दनाक, दु:खद और कभी न भुलाने वाली है जो पीड़ित हैं, अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं, भगवान उनके दु:खों को दूर करें। उन्हें शीघ्र ही स्वस्थ करें। जो लोग चले गए हैं, उनके परिजनों को धीरज प्रदान करें।



## अंबेडकर के सम्मान में पूरे देश में निकालेंगे मार्च : कांग्रेस

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेगी और उनके सम्मान में पूरे देश में सम्मान मार्च निकाला जाएगा। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा में शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में संविधान निर्माता का अपमान किया है और कांग्रेस यह सहन नहीं करेगी इसलिए उनके सम्मान में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर जी का अपमान किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी 22 तथा 23 दिसंबर को देश के 150 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इन प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए हम श्री शाह के इस्तीफे मांग करेंगे। साथ ही बाबा साहेब और संविधान पर किए जा रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता 24 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों में बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान यात्रा निकालेंगे।

## बीएमसी चुनाव अकेले लड़ सकती है शिवसेनाः राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने शनिवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का चुनाव अकेले लड़ सकती है। राउत ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी कार्यकर्ता स्थानीय निकाय चुनावों में संगठन के अकेले लड़ने पर जोर दे रहे हैं क्योंकि लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में इस बार दावेदार अधिक हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं के बीच बीएमसी चुनाव (अकेले लड़ने को लेकर) बातचीत जारी है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी अकेले चुनाव लड़े। बीएमसी पर अविभाजित शिवसेना का 1997 से 2022 तक लगातार 25 वर्ष नियंत्रण था।

# एलजी ने ईडी को दी केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रवर्तन निदेशालय को उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ईडी ने इस महीने की शुरुआत में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल से अनुमति मांगी थी क्योंकि उसे कथित तौर पर उत्पाद शुल्क नीति के तैयार करने और कार्यान्वयन में भारी स्तर पर भ्रष्टाचार मिला था, जिसका उल्लेख अभियोजन शिकायत संख्या में किया गया था। 7 ने इसी साल 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में दायर किया था। कोर्ट ने 9 जुलाई को शिकायत पर संज्ञान लिया। आप ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले की जांच दो साल तक चली, 500 लोगों को परेशान किया गया, 50,000 पन्नों के दस्तावेज दाखिल किए गए और 250 से अधिक छापे मारे गए।



**स्पेशल खबर** *पत्नी के गुजारा भत्ते पर सुप्रीम फैसला...*

# विवाह संस्कार है कोई कारोबार नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)। हर लड़की के जीवन में शादी से पहले और बाद में कई चुनौतियां आती हैं। कभी दहेज का दबाव तो कभी रिश्तों में हिंसा का डर।**



महिलाओं को इन मुश्किल हालात से बचाने और सुरक्षा का भरोसा देने के लिए कानून बनाए गए। ये कानून सिर्फ कागजी नियम नहीं बल्कि एक ढाल है जो उन्हें न केवल अन्याय से लड़ने की ताकत देते हैं बल्कि अपने जीवन को आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का हौसला तक देते हैं। भारतीय परिवारों में शादी टूटने के बाद पति पत्नी के बीच गुजारे भत्ते को लेकर जो झगड़े चलते हैं। बरसों बरस जो कानूनी दांव खेले जाते हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने एक लकीर खींच दी है। अतुल सुभाष केस के बाद महिला कानूनों पर छिड़ी बहस सड़क से संसद और अब कोर्ट तक पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर घरेलू हिंसा और दहेज कानूनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को इन कानूनों का गलत इस्तेमाल न करने की सलाह दी है, जो उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुजारे भत्ते पर बड़ी टिप्पणी की है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कहा कि हिंदुओं में विवाह पवित्र संस्कार की नींव होता है। ये परिवार की नींव होता है, इसे कारोबार के तौर पर नहीं देखा जाए। गुजारा भत्ता कानून महिलाओं के कल्याण के लिए हैं। इसका उद्देश्य पति से जबरन वसूली करना नहीं है।

